तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 नवंबर 2024

11 कारी, नरैया, कंकाली समेत 40 तालाबों और...

12 भाटापारा से अमृतसर यात्रा पर श्रद्धालु रवाना







## खबर संक्षेप

### सुकन्या समृद्धि योजना के लिए लगा विशेष शिविर

**बलौदाबाजार।** सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाता खोलने के लिए विशेष शिविर का आयोजन 11 नवंबर सोमवार से किया गया। उपसंभागीय निरीक्षक डाक विभाग सुश्री विनीता मानिकपुरी ने बताया कि 10 वर्ष तक की उम्र की वे बालिकाएं जिनका सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत अब तक खाता नहीं खुला है, वे बालिका का जन्म प्रमाण पत्र अथवा आधार कार्ड, पालक का आधार कार्ड तथा तीन पासपोर्ट फोटो के साथ कार्यालयीन समय में डाक घर बलौदाबाजार में उपस्थित होकर खाता खुलवा सकते हैं।

### हॉस्पिटल के सामने से मोटर साइकिल चोरी

**महासमुंद।** ग्राम भोथलडीह में अपनी बच्ची का इलाज करने गए एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। सरायपाली पुलिस को प्रार्थी हरेकृष्ण साहू निवासी कसडोल ने बताया कि 2 नवंबर को शाम 04 बजे के आसपास अपनी बच्ची का इलाज कराने भोथलडीह के लक्ष्मण साहू के हॉस्पिटल आया था। इलाज कराकर शाम करीब 6 बजे वापस निकलने पर देखा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल

**महासमुंद।** रायतुम-तुरेंगा रोड के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। मामले को लेकर पटेवा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मोटर सायकल हीरो होंडा एसएस क्रमांक सीजी 06 ए 2928 से दिनेश कुमार यादव एवं स्वराज यादव ग्राम गजराडीह से ग्राम डोंगरीपाली आ रहे थे। सुबह करीब 5 बजे रायतुम-तुरेंगा रोड ग्राम तुरेंगा के पास ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीएम 7780 के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में दिनेश कुमार यादव के बांये हाथ, बांये पैर, चेहरे एवं स्वराज यादव के बांये पैर, चेहरे में चोट आई है। घायलों को सरकारी अस्पताल पिथौरा में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें रायपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट के बाद आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### देवउठनी के लिए सजा गन्ने का बाजार

**महासमुंद।** देवउठनी एकादशी (तुलसी विवाह) के एक दिन



पहले महासमुंद शहर में गन्ने का बाजार सज गया है। सोमवार को शहर सहित आसपास गांव से पहुंचे लोगों ने गन्ने की खरीदी की। गन्ना प्रति जोड़ी 60, 70, 80 रुपए है। एकादशी तिथि दो दिन पड़ने से तुलसी विवाह और देवउठनी एकादशी को लेकर संशय की स्थिति है।

## आयोजन : औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान असनिंद में जनजाति गौरव दिवस पर हुई संगोष्ठी

# जनजाति समाज का है गौरवशाली इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

शहीद वीर नारायण सिंह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था असनिंद में जनजाति गौरव दिवस के परिपेक्ष्य में एक दिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि राम मरकाम, विशिष्ट अतिथि रामचंद्र ध्रुव सरपंच ग्राम असनिन्द, सुरेश पैकरा एसडीओ जल संसाधन विभाग कसडोल तथा मुख्य वक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा अधिवक्ता एवं जिला संयोजक जनजाति गौरव कार्यक्रम बलौदाबाजार, अध्यक्षता प्राचार्य प्रशांत शुक्ल ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना संस्था प्रमुख ने दी, पश्चात मुख्य अतिथि राम मरकाम ने जनजाति समाज के बारे में बताते हुए कहा कि जनजाति समाज का गौरव अतीत को याद कर आज हम समाज को सही आयना दिखा रहा है कि जो समाज हम सबके मूल में है आखिर अंग्रेजों की बनाई बातों से हम उन्हें आज अलग मानने लग गये, जबकि वास्तविकता उलट है, जो बातें इतिहास में जनजाति समाज को लेकर बताई जाती वह नहीं बताई गई। जनजाति समाज का अपना गौरवशाली इतिहास है, जिसे आज सरकार आगे ला रही या जनजाति समाज सहित सभी समाजों के लिए मिथक दूर करने का महत्वपूर्ण कार्य है।कार्यक्रम के दौरान जनजाति नायकों की फ़ोटो प्रदर्शनी, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता आदि का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में आईटीआई परिवार के सभी प्राध्यापक सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्तिथ थे।






### जनजति नायकों की चर्चा नहीं होती

सरपंच रामचन्द्र ध्रुव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जनजाति समाज को लेकर आयोजित कार्यक्रम को लेकर चिंता और संचालन के लिए धन्यवाद दिया। मुख्य वक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने बताया कि सभ्यता और संस्कृति देने वाला समाज जनजाति समाज है, इनके गौरवशाली इतिहास है, जिन्हें दुर्भाग्य से कही पढ़ाया नहीं जाता। स्वत्रंत्रता आन्दोलन हो या फिर भारत में बाहरी आक्रमणकारी के आने पर यदि किसी समाज ने प्रतिरोध सर्वप्रथम किया वो जनजाति समाज है, इनकी अपनी एक आध्यत्मिक ऊंचाई है, जिसकी कल्पना हम माता सबरी के संवाद से कर सकते हैं। अंग्रेजों ने इस समाज को हमेशा निचले स्तर का माना और इसका प्रचार किया, यही कारण है कि लोगों में अंग्रेजों की बताई बातें असभ्यता वाली का प्रचार हुआ। आज जनजाति नायकों की स्वतंत्रता में भूमिका पर चर्चा नही होती जबकि स्वतंत्रता के असल जड़ में जनजाति समाज के नायक है।

## सेंट्रिंग प्लेट की चोरी चार युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शहर में भवन निर्माण में उपयोग की जानी वाली सेंट्रिंग प्लेट की चोरी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने सीसी टीवी कैमरा की मदद से दबोच लिया। वहीं सेंट्रिंग की खरीदी करने वाले कबाड़ी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नगर के शुक्ला सर्विस स्टेशन में मैनेजर के पद पर कार्यरत प्रार्थी आशुतोष शर्मा निवासी गौरव पथ रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि पेट्रोल पंप के पीछे बने यार्ड में भवन निर्माण सामग्री सेंट्रिंग प्लेट कुल 27 नग कीमती 40,50 हजार का रखा था, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली धारा 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल का निरीक्षण एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया, जिसके आधार पर चोरी करने वाले लखन पटेल 38 वर्ष, सोनू उर्फ तरुण पटेल 28 वर्ष, चनउ मारकंडे 25 वर्ष, सभी निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर, उनके द्वारा शुक्ला पेट्रोल पंप के पीछे यार्ड में भवन निर्माण सामग्री सेंट्रिंग प्लेट को चोरी करने एवं गोपाल साहू के कबाड़ी दुकान पुराना बस स्टैंड स्टैंड में 5000 में बेच देना बताया गया। प्रकरण में धारा 317(2) बीएनएस जोड़ा गया है। चोरी करने वाले तीनों आरोपियों तथा चोरी का समान खरीदने वाले कबाड़ी गोपाल साहू को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

■ प्लेट की खरीदी करने वाले कबाड़ी को भी पुलिस ने दबोचा

## नवोदय टेस्ट प्रवेश परीक्षा में 109 छात्र हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

एक निजी कोचिंग इस्टीट्यूट सरसीवां द्वारा नवोदय विद्यालय टेस्ट परीक्षा प्रतीयोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 109 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जिसका परिणाम उत्कृष्ट रहा, उनको अतिथियों द्वारा पुरस्कार किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे परीक्षा आयोजित करना क्षेत्र के बच्चों के लिए बहुत अच्छा है। क्योंकि नवोदय विद्यालय में कैसे प्रश्न आते हैं उनका अनुभव हो जाता है। इससे तैयारी करने में सुविधा होती है। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों में डिम्पल कश्यप 93 अंक, कुंजल साहू 87, हिमेश साहू 84, अंचल सोनी 83, समृद्धि 80, वाणीरत्नाकर 80, हिमानी जाटवर 80, संकल्प खुराना 80, डेस्टिनी जायसवाल 80, सेरेना राय 78, खुशी देवांगन 78, आशीष टंडन 78, मयंक साहू 78, प्रतीक टांडेल 77, नियती जाटवर 76, मेघा बघेल 76, यामिनी साहू 74, आयुष मनहर 74, प्राचीता खुराना 71, अंशुमन बघेल 71 अंक शामिल हैं।



## महिला पर प्राणघातक हमला, आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

पत्नी के साथ मारपीट कर गंभीर चोंट पहुंचाने वाले के खिलाफ ग्राम कौवाडीह निवासी प्रार्थी द्वारका दास वैष्णव की रिपोर्ट पर पुलिस थाना गिधपुरी ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया।

द्वारका दास वैष्णव की रिपोर्ट के अनुसार 10 नम्बर की सुबह करीब 9 बजे से विजय दास वैष्णव अपनी दुकान खोला था, करीब 11.30 बजे पत्नी चंदा बाई वैष्णव दुकान के पास दीवाल पर ईंट रख रही थी, उसी समय मैं घर अंदर नहाने चला गया, तभी बचाओ बचाओ की आवाज आने पर मैं घर से बाहर निकला तो देखा विजय दास वैष्णव दुकान खोलने से मना करने के बाद भी नहीं मान रहे हो, तुम्हारे कारण मेरी दुकान नहीं चल रही है, कहते मुर्गा काटने के कत्ता से मेरी पत्नी को मार रहा था, जिसे मैं रोकने का प्रयास किया। किंतु विजय दास वैष्णव नहीं माना और मेरी पत्नी के सिर में प्राणघातक चोंटे के कारण लहुलुहान हालत में बेहोश होकर गिर गई। इसके पश्चात विजय दास वैष्णव वहां से भाग गया। घटना के प्रश्चात पड़ोसियों द्वारा 108 एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल पलारी ले जाकर भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बलौदाबाजार रिफर कर दिया गया। सूचना पर थाना गिधपुरी में धारा 109 बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विजय दास वैष्णव को हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ करने पर आवेश में आकर प्रार्थी की पत्नी पर हमला कर उसे प्राण घातक चोट पहुंचाना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायलय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया।




## अनूप एवं दीवानचंद उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए हुए सम्मानित

# सेवापथ रायपुर ने किया 9 कन्याओं का कन्यादान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

समाज सेवी संस्था सेवा पथ रायपुर द्वारा माता स्वरूप नौ कन्याओं का कन्यादान का आयोजन किया गया। समाज के महेश चंदानी ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जीवन में कन्यादान सबसे बड़ा पावन पुण्य माना गया है, जिसे कन्यादान करने का अवसर मिल जाये, उसका जीवन पवित्र हो जाता है। इसी पावन सोच के साथ संस्था द्वारा माता स्वरूपी 9 कन्याओं का कन्यादान 10 नवम्बर को पांचवी बार ऐतिहासिक निःशुल्क आयोजन किया गया। इस आयोजन में भाटापारा पूज्य पंचायतों को ससम्मान आमंत्रित किया गया, जिसमें वे शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में भाटापारा के दो समाजसेवियों अनूप मंगलानी एवं दीवानचंद जगमलानी को उत्कृष्ट समाजसेवा हेतु सम्मानित किया गया।

सेवा पथ के पहलाज खेमानी ने कहा कि इस बार ऐतिहासिक निःशुल्क कन्यादान में महाराष्ट्र के वर्धा शहर से सिंधी वर मोहित गोधवानी की शादी वर्धा शहर से ही वधु योजना सोनटक्के का निःशुल्क कन्यादान किया गया। सिंधी समाज के पूज्यनीय संतों और समाज सेवियों के आशीर्वाद रूपी सहयोग व मार्गदर्शन से कन्यादान का आयोजन हुआ। संस्था के उद्देश्यों के अनुसार सभी शहरों को इस सेवा का लाभ पहुंचाने के लिए महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उड़ीसा के वर वधुओं ने इस आयोजन में शामिल होकर परिणय सूत्र में बंधकर अपने दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। इस वर्ष भी महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़ के परिवार कन्यादान आयोजन का लाभ लिया।

इस अवसर पर पंचायत के इंदरलाल थारानी, भीषम गुरयानी, कैलाश बालानी, नंदलाल तनवानी, आत्माराम जोतवानी, सच्चानंद थदवानी, नितिन भोजवानी, अनूप मंगलानी, दीवान जगमलानी एवं महेश चंदानी उपस्थित थे।



### नशीली दवाई रखने के मामले में दो आरोपियों को 5-5 साल कैद की सजा

**महासमुंद।** बिना वैध अनुज्ञप्ति के अधिक मात्रा में नशीली दवाई रखने के आरोप में दो व्यक्तियों को एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास और 30-30 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही अदा किए जाने की दशा में 1-1 वर्ष के अतिरिक्त सश्रम कारावास की भी सजा सुनाई गई है। अभियोजन के अनुसार महासमुंद के सहायक उपनिरीक्षक को 25 फरवरी 24 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन की तरफ से प्रतिबंधित नशीली दवाई बिक्री के लिए लेकर आ रहे है। सूचना पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा गया, जिन्होंने अपना नाम प्रवीण साव उर्फ फोड़े तथा मनोज डांडेकर बताया। पुलिस ने उनके कब्जे में रखे 5 हजार 736 नग नशीली कैप्सूल को बरामद कर दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 21, 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा था। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस जितेंद्र कुमार साहू ने पैरवी की।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# छात्रों के उपद्रव से परेशान रविवि, अब बढ़ाई जाएगी सुरक्षाकर्मियों की संख्या, उग्र हो रहे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अपने सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाने जा रहा है। इसके लिए बीते दिनों हुई बैठक में प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया है। इसके बाद अब नए गार्ड की नियुक्ति की आएगी।

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, प्रबंधन छात्र नेताओं के उपद्रव से हलाकान हो गया है। ना सिर्फ छात्र नेता बल्कि अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए विवि के प्रशासनिक भवन पहुंचने वाले सामान्य विद्यार्थियों से भी रविवि परेशान है। छोटी-छोटी बात पर तनातनी और विवाद की स्थिति विवि परिसर में प्रतिदिन निर्मित हो रही है। कई बार बात हाथा-पाई तक पहुंच जाती है। सर्वाधिक खराब स्थिति विवि के प्रशासनिक भवन में है, जहां कई तरह के काउंटर बने हुए हैं। इन काउंटर में छात्रों की अंकसूची सुधार सहित कई अन्य कार्य किए जाते हैं।

विवाद की सर्वाधिक स्थिति यहीं निर्मित होती है। वर्तमान में यहां मात्र एक सुरक्षाकर्मी की ही तैनातगी रहती है। कर्मी के किसी कार्यवश बाहर जाने अथवा उक्त स्थल पर नहीं रहने की स्थिति में यहां सुरक्षार्थ कोई भी मौजूद नहीं होता है।

## बीते माह गार्ड द्वारा छात्र को थप्पड़ मारने पर हुआ था हंगामा

■ सामान्य समस्याओं के निराकरण के लिए पहुंचने वाले छात्रों संग भी विवाद की स्थिति




### कार्यक्रमों में भी होगी अतिरिक्त सुरक्षा

प्रथम पाली में 5, द्वितीय पाली में 7 तथा तृतीय पाली में 4 नए गार्ड की नियुक्ति होगी। इसके लिए कार्यपरिषद की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि विवि के विभिन्न भवनों तथा कार्यक्रमों में सुरक्षा कर्मी प्रदान करने के लिए ये वृद्धि की गई है। सूत्रों के अनुसार, विवि में होने वाले कार्यक्रमों में भी अब अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाएगी। सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति विश्वविद्यालयीन स्तर पर नियमानुसार की जाएगी।

### सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार पर भी बवाल, प्रदर्शन

रविवि में बीते दिनों सुरक्षाकर्मी द्वारा छात्र को थप्पड़ मारे जाने की घटना भी खबरों में रही थी। यहां परीक्षा संबंधित कार्य की जानकारी प्राप्त करने आए छात्र को गार्ड द्वारा थप्पड़ जड़ दिया गया था। इसके पश्चात छात्रनेताओं ने जमकर प्रदर्शन किया था। तत्पश्चात गार्ड की सेवाएं प्रशासनिक भवन में समाप्त की गई थीं। इसी तरह से कुलपति की सुरक्षा में तैनात कांस्टेबल संग एक गार्ड द्वारा मारपीट भी रविवि में बीते दिनों की गई। यहां की सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार को लेकर बीते कई माह से सवाल उठते रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### गड़रिया समाज ने सीएम साय से की मुलाकात

**रायपुर।** गड़रिया समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ सर्व गड़रिया समाज महासंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को राजधानी में आयोजित प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन की जानकारी दी। साथ ही उन्हें मुख्य अतिथि बतौर शामिल होने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम 1 दिसंबर को महादेवघाट के देशहा गड़रिया सामाजिक भवन में होगा। मुलाकात के दौरान प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण महतो, अजय हंसा, अभिमन्यु धनगर, चंद्रपाल धनगर, मिलन धनगर, आशीष धनगर, गोविंद धनगर मौजूद रहे।

### दीपावली मिलन में व्यापारी कल्याण बोर्ड गठन की मांग



**रायपुर।** अवंति विहार व्यापारी संघ द्वारा रविवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी व्यापारियों ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई देकर मंगलमय जीवन की कामना की। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि सभी व्यापारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की है, ताकि व्यापारियों के हितों की रक्षा हो सके। उन्होंने बताया कि देश के अनेक राज्यों में राज्य सरकार द्वारा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है, साथ ही केंद्र सरकार द्वारा भी व्यापारी कल्याण बोर्ड बनाया गया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में अभी तक व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन नहीं हो पाया है। कार्यक्रम में अशोक गुप्ता, किशोरचंद्र नायक, राम सचदेव, इंदरपाल सिंह तोमर, हरीश लोकवाणी, राजेश दुलानी सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

### 13 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

**रायपुर।** जिला अधिवक्ता संघ रायपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता हितेंद्र तिवारी और अधिवक्ता उपाध्यक्ष किशोर ताम्रकार ने दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की निर्धारित मतदान तिथि 13 नवंबर को रायपुर जिले के समस्त शासकीय विभागों में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है।

### मंदिर की गलियों तक सीमित हुआ पुन्नी मेला, जगह नहीं होने से सड़कों पर सजेंगी दुकानें

# महादेवघाट में सिमट गई मेले की जमीन दुकान लगाने पर्याप्त जगह नहीं मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार


भगवान हाटकेश्वर नाथ महादेव मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पुन्नी मेला की परंपरा विगत कई सालों से चली आ रही है। मेले में राजधानी के साथ-साथ अम्लेश्वर और पाटन क्षेत्र से भी हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। बदलते समय के साथ अब महादेवघाट में मेले की जगह भी सिमट गई है। खानपान, मनिहारी, खिलौनों, रेडीमेड गारमेंट्स, श्रृंगार सहित तरह-तरह की दुकानें अब केवल मंदिर की गलियों तक सीमित हो चुकी हैं। इन चंद गलियों में 15 और 16 नवंबर को 50 हजार से भी अधिक लोग मेला भ्रमण करने पहुंचेंगे। ऐसे में अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करना पुलिस के लिए कड़ी चुनौती होगी।


बीते कुछ सालों में मंदिर परिसर के आसपास भवनों का निर्माण होने से भी अब लोगों को दुकान लगाने की जगह नहीं मिल रही है। मंदिर प्रबंधक का कहना है कि हर साल मेला स्थल सिमट रहा है। जितनी संख्या में लोग पहुंचते हैं, अब इतनी बड़ी जगह परिसर में नहीं है। हजारों लोग वाहनों के साथ आते हैं। मैदान भी पार्किंग में भर जाता है। सड़कों पर दुकान लगाने से हर साल जाम लग जाता है।

### मेले में हर 5 मीटर की दूरी पर दुकानें

इस बार भी मेला मंदिर परिसर के साथ दूसरी तरफ अम्लेश्वर की ओर भी सजेगा। मंदिर में दर्शन करने की वजह से भीड़ इस ओर अधिक होती है। हरिभूमि की टीम रविवार को महादेवघाट पहुंची। मंदिर परिसर में विभिन्न समाज के भवनों के पास झूला व दुकानें लग चुकी हैं। जगह कम होने से इस बार हर 5 मीटर की दूरी पर दुकान है। इसके अलावा हनुमान मंदिर, भाठागांव रोड और मंदिर के पीछे की ओर भी खानपान, रेडिमेड गारमेंट्स, श्रृंगार की दुकानें लगेंगी। मेले में आरंग, धरसींवा व पाटन से दुकान लगाने कारोबारी पहुंचे हैं। हेमंत ध्रुव का कहना है कि जगह नहीं होने से दुकान छोटी करनी पड़ी है। सड़क पर खड़े होकर भी मेले में सामान बेचना होगा।

## पुन्नी मेले के लिए महादेवघाट सजकर तैयार, 15 को श्रद्धालु लगाएंगे खारुन में डुबकी





### सड़क किनारे दर्जनभर से अधिक दुकानें

विगत कई वर्षों से दुकान लगा रहे दुकानदारों का कहना है कि पांच पहले भी हजारों की संख्या में लोग पुन्नी मेले में पहुंचते थे, लेकिन अब जगह कम हो चुकी है। इस वजह से भीड़ अधिक हो चुकी है। पहले भी परिसर की सड़कों किनारे दुकान लगाते थे, लेकिन अब चारों दिशाओं में दुकानें लगने लगी हैं। महादेवघाट तक पहुंचने वाली चारों सड़कों किनारे दर्जनों दुकान सजकर तैयार हैं। जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा यहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों के अलावा बचाव दल भी तैनात किया जाएगा।




### एक दिन पहले विशेष श्रृंगार

कार्तिक पूर्णिमा पर रात 3 से 4 बजे तक भगवान महादेव की विशेष पूजा के बाद मंदिर के पट खोले जाएंगे। मंदिर के पुजारी पं. सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि एक दिन पहले 14 नवंबर को श्रृंगार किया जाएगा। सुबह विशेष अभिषेक पूजा, महाआरती के बाद मेले का विधिवत शुभारंभ होगा। मेले में हजारों की संख्या में लोग न केवल खारुन नदी में डुबकी लगाकर भगवान हाटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करेंगे, बल्कि मेले का भरपूर लुत्फ भी उठाएंगे।

# अज्ञात युवती की लाश का मामला, हत्या कर कंबल के नीचे दबा दिया था शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर


निर्माणाधीन बिल्डिंग में संदिग्ध परिस्थिति में मिली युवती की लाश

■ लाश से सलवार गायब होने की बात सामने आ रही

■ हत्यारे ने लाश को कंबल से ढककर कचरे में दबा दिया था

■ कुत्ते ने खींचा कंबल, तब बदबू फैलने से मिली जानकारी

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित कलर्स मॉल के पास निर्माणाधीन भवन में मिली अज्ञात युवती की लाश की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवती की लाश कंबल से ढंकी मिली थी। युवती के शरीर पर कुर्ता तो सही सलामत हालत में था, लेकिन सलवार गायब होने की बात सामने आई है। मृत युवती की शिनाख्त के लिए सोमवार को महासमुंद, पिथौरा से कुछ लोग आएंगे। उसकी शिनाख्त के बाद उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद ही युवती की मौत की गुत्थी सुलझ पाएगी।

पुलिस के अनुसार, निर्माणाधीन बिल्डिंग में युवती की लाश मिली थी, उस लाश को कंबल से ढंक दिया गया था। लाश मिट्टी, रेत तथा बिल्डिंग मटेरियल के कचरे के नीचे दबी हुई थी। इस वजह से किसी को लाश होने के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई। जहां युवती की लाश मिली, वहां एक कुत्ते ने कंबल खींचा, तब तेज बदबू फैलने लगी। इसके बाद मौके पर उपस्थित लोगों ने युवती की लाश को देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### शरीर पर चोट के निशान

पुलिस के अनुसार, लाश 10 से 15 दिन पुरानी है। शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिलने की पुष्टि हुई है। शरीर पर चोट के निशान कैसे लगे, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही होगी। पुलिस ने युवती की हत्या कर लाश निर्माणाधीन बिल्डिंग में ठिकाने लगाने की आशंका व्यक्त की है। युवती की लाश मिलने के बाद पुलिस आसपास के रहवासियों से तथा संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

## आलमारी से 50 हजार के जेवर पार


**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ आलमारी में रखे 50 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बड़ा अशोक नगर निवासी शशि साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। शशि ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया। आलमारी खोलने पर महिला को अपने जेवर चोरी होने की जानकारी मिली।

# छाए बादलों ने उमस बढ़ाई, असहज हुआ मौसम, तापमान भी चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

दक्षिण से आने वाली हवा के प्रभाव से राजधानी समेत प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर बादल छाए रहे। इससे धूप का प्रभाव तो नहीं हुआ, मगर उमस के कारण असहजता-सी महसूस हुई। अभी रात और दिन का तापमान सामान्य से अधिक है, जिसमें कल के बाद गिरावट आने की उम्मीद है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, नवंबर के बीते दस दिनों में किसी तरह का पश्चिमी विक्षोभ नहीं आया है, मगर तापमान में गिरावट नहीं होने की वजह से ठंड का अधिक असर नहीं हुआ है। अभी राज्य में दक्षिण-पूर्व से हवा आ रही है, जिसके कारण बादल छाए हुए हैं। इस वजह से दिन और रात का तापमान में किसी तरह का बड़ा परिवर्तन नहीं हो रहा है। रविवार को राजधानी का मौसम असहजता लिए हुए था। दिन में काफी बादल छाए हुए थे, जिसकी वजह से धूप नहीं निकली। वातावरण को देखकर बारिश होने का अंदाजा लगाया जा रहा था। वातवरण में धुंध होने की वजह से दृश्यता भी कमजोर महसूस हो रही थी। दिन में धूप की तेजी तो नहीं रही, मगर वातावरण में मौजूद नमी के कारण उमस से बेचैनी महसूस होती रही।



### मौसम में आएगी गिरावट

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि सोमवार को विशेष बदलाव नहीं होगा, मगर हवा की दिशा बदलने से मंगलवार को तापमान में थोड़ी गिरावट आने के आसार बन रहे हैं। अभी राज्य के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक से तीन डिग्री तक अधिक दर्ज किया जा रहा है।

## व्याख्याता से मोबाइल लूट धरे गए तीन बदमाश

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने राज्योत्सव की ड्यूटी से लौट रहे व्याख्याता से लूट के आरोप में हत्या के आरोपी सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने पिछले सप्ताह 5 नवंबर को देर रात व्याख्याता से लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक, चंपेश्वर गोस्वामी से लूट के आरोप में चंगोराभाठा निवासी खिलेश्वर साहू , मिथिलेश छत्री तथा देव सारथी को गिरफ्तार किया है। मिथिलेश पूर्व में पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में हत्या के आरोप में तथा खिलेश्वर गंज थाना क्षेत्र में दोपहिया वाहन चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं। चंपेश्वर ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वह ड्यूटी से वापस लौट रहा था। इसी दौरान वह गणेश मंदिर के पास अपने मोबाइल से बात कर रहा था। एक्टिवा सवार बदमाशों ने चंपेश्वर के साथ मारपीट कर उसे धक्का देकर गिरा दिया और मोबाइल लूटकर मौके से फरार हो गए थे। बदमाशों को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया है।

**प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कल : महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 13 नवंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप हाउसिंग बोर्ड अटल विहार कॉलोनी, रोजगार कार्यालय परिसर, मचेवा महासमुंद में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# राजधानी की 44 सड़कों की मरम्मत अगले सप्ताह से, 11 करोड़ में ठेका, वर्क ऑर्डर जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



नगर निगम के 10 जोन में शहर के 3 विधानसभा क्षेत्रों की 44 सड़कों में पेंच रिपेयर का काम अगले सप्ताह से शुरू होगा। पंद्रहवें वित्त आयोग ने पेंच रिपेयर, पेवर ब्लॉक के काम कराने यह राशि रायपुर नगर निगम को दी गई है। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर कर निगम प्रशासन ने एजेंसी तय कर वर्कआर्डर जारी किया है। रायपुर की एजेंसी 11 करोड़ की लागत से शहर की इन चिन्हांकित सड़कों की मरम्मत कराएगी।

नगर निगम सीमा क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों की दशा सुधारने की तैयारी है। शहर को धूलमुक्त बनाने पेंच रिपेयर और पेवर ब्लॉक लगाने के लिए नगर निगम को 11 करोड़ की राशि मिली है। आउटर स्थित जोन-8 और जोन-9 में दर्जनभर सड़कों पर काम होगा।

### सड़क सुधार अगले सप्ताह से

नगर निगम के 10 जोन में 3 विधानसभा क्षेत्रों की 44 सड़कों का पेंच रिपेयरिंग कार्य अगले सप्ताह से शुरू होगा। इसके लिए एजेंसी तय कर वर्कआर्डर की स्वीकृति ले ली गई है। पंद्रहवें वित्त आयोग से 11 करोड़ की राशि इस कार्य के लिए मिली है।

**- अंशुल शर्मा,** कार्यपालन अभियंता, ननि रायपुर

### 120 मीटर से 900 मीटर की सड़क पर काम

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि अगले सप्ताह से शुरू हो रहे सड़क मरम्मत का यह काम 120 मीटर से लेकर अधिकतम 900 मीटर तक की सड़क पर किया जाएगा। इसमें खमतराई स्थित जोन-1 की 4 सड़कों और जोन-2 कमिश्नरी के पंडरी स्थित महालक्ष्मी मार्केट तथा बालाजी स्कूल के पास की सड़क पेंच रिपेयर पर 2 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसके साथ ही शंकर नगर स्थित जोन-3 के वार्ड, मोतीबाग स्थित जोन-4 और पानी टंकी ईदगाहभाठा के पास स्थित जोन-5 कमिश्नरी में सड़क मरम्मत के लिए 3 करोड़ के काम होंगे।

### इन सड़कों की होगी मरम्मत

- आमापारा चौक से अग्रसेन चौक, समता कॉलोनी रोड, समता-चौबे कॉलोनी की आंतरिक सड़कें
- तेलघानी नाका, ललिता चौक बढ़ईपारा, रामसागरपारा की आंतरिक व मुख्य मार्ग की सड़क
- पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रोड, तिवारी कॉलोनी, वार्ड 22 में सरकारी स्कूल वाली सड़क
- डगनिया दुर्गा आटा चक्की के पास, सीएसईबी कार्यालय के पीछे वाली सड़क
- रोहिणीपुरम तालाब के पास, विवेकानंद स्कूल के पास, बाजार चौक डगनिया तालाब वाली सड़क व जोन कार्यालय रोड

## खबर संक्षेप



### निर्मलकर ने किया मड़ई-मेला का शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने दूधाधारी मठपारा, भाठागांव, मठपुरैना, कुशालपुर बोरियाखुर्द सहित अनेक स्थानों पर पहुंचकर मड़ई-मेला का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री निर्मलकर ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मड़ई-मेला हमारे छत्तीसगढ़ के संस्कृति है, जिसे सभी जाति-समाज के लोग मिलकर मनाते हैं। विशेषकर यादव और आदिवासी समाज की भूमिका आयोजक के रूप में होती है। कार्यक्रम में पार्षद मनोज वर्मा, चंद्रपाल धनगर, सतनाम सिंह, निशा-देवेंद्र यादव, गोपाल वर्मा, चोवाराम देवांगन, वरुण निर्मलकर, नीलू निर्मलकर, हेमंत निर्मलकर आदि शामिल रहे।

### रेत के अवैध उत्खनन परिवहन पर कार्रवाई

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में रायपुर जिले में गौण खनिजों के उत्खनन एवं अवैध परिवहन के मामले में कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। उप संचालक खनिज केके. गोलघाटे के निर्देशन में खनिज अधिकारियों की टीम अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध उत्खनन एवं परिहवन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। खनिज विभाग के सुपरवाइजर सुनीलदत्त शर्मा एवं उनकी टीम ने बीते दिनों आरंग इलाके के ग्राम गुदगुदा में रेत अवैध खनन में संलिप्त पनडुब्बी नुमा मशीन, एक चेन माउंटेन और एक हाईवा को मौके से जब्त कर थाना आरंग के सुपुर्द करने की कार्रवाई की। इससे पूर्व इस टीम ने रेत के अवैध परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टर एवं एक हाईवा को आरंग के समीप ग्राम कुरुद से जब्त कर थाना गिद्धपुरी के सुपुर्द किया।

# बायोगैस प्लांट लगाने जहां तय की जमीन, वहां फिर होने लगा अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर और बिरगांव नगर निगम को रोज वार्डों से मिलने वाले ठोस कचरे का स्थाई निदान के लिए होने वाली कारगर पहल 8 महीने से फाइलों में उलझी हुई है। इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए बिरगांव निगम सीमा के रावांभाठा वार्ड में स्थित 20 एकड़ से ज्यादा एरिया को चिन्हांकित करने के बाद जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। इस जमीन को लीज पर देने का मसौदा तैयार कर सरकार को स्वीकृति के लिए भेजने के बाद से फाइल ठंडे बस्ते में है। दूसरी तरफ प्रोजेक्ट के लिए तय जमीन पर एक बार अवैध कब्जा होने लगा है।

राजधानी में दो निगमों के बीच सीबीजी प्लांट लगाने की तैयारी जिस उत्साह से शुरू की गई, वह अब फाइलों के ढेर का हिस्सा बन चुकी हैं। सूत्रों ने बताया कि रायपुर और भिलाई निगम सीमा में अलग-अलग कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित करने त्रिपक्षीय समझौता 8 महीने पहले यानी मार्च में हुआ। इन दोनों संयंत्रों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड करीब 100 करोड़ रुपए का निवेश करने वाला है। सरकार के साथ सीएम आवास में बीपीसीएल के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में हरसंभव सहयोग का भरोसा भी सरकार ने दिलाया है। इसके मद्देनजर रायपुर निगम प्रशासन ने शहर के पानी को फिल्टर करने वर्षों पहले बनाए गए प्रोजेक्ट के लिए तय जमीन को अब लीज पर देने की प्रक्रिया शुरू कर मसौदे की फाइल तैयार करने के बाद सरकार के पास स्वीकृति के लिए भेजी है।

## रावांभाठा की जमीन लीज पर देने स्वीकृति की प्रक्रिया 8 महीने से फाइलों में



**नहीं बनी डिटेल फिजिबिलिटी रिपोर्ट :** सीबीजी संयंत्र लगाने के लिए त्रिपक्षीय समझौता इसलिए किया गया था, ताकि रायपुर और बिरगांव निगम के वार्डों से रोज निकलने वाले कचरे का उपयोग कर उससे बायोगैस तैयार की जाए। जमीन का मसौदा सुलझाने में हो रहे विलंब के चलते संयंत्र लगाने डिटेल फिजिबिलिटी रिपोर्ट भी नहीं बनी है। इस प्रोजेक्ट के तहत बीपीसीएल के साथ छत्तीसगढ़ जैव ईंधन विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) व रायपुर और भिलाई निगम के बीच समझौता हुआ। इसके बाद से काम को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया जमीन लीज की स्वीकृति में फंसी है।

### लीज की स्वीकृति के बाद कार्रवाई

बायोगैस प्लांट के लिए रावांभाठा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे खाली कराई गई जमीन पर अगर कब्जा हो रहा है तो उसे लीज की स्वीकृति के बाद कार्रवाई कर खाली कराया जाएगा। इस बहुआयामी योजना को शुरू करने में हरसंभव सहयोग व पहल करेंगे।

**- अबिनाश मिश्रा**
आयुक्त, ननि रायपुर

### प्लांट की क्षमता 100-150 टन

केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम बीपीसीएल 100 करोड़ के निवेश के साथ सीबीजी प्लांट लगाएगा। हर संयंत्र की क्षमता 100 से 150 टन प्रतिदिन होगी। सीबीजी संयंत्रों में जैव ईंधन के उत्पादन में प्रतिदिन 200-250 मीट्रिक टन ठोस कचरे का उपयोग होगा। संयंत्र से हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 60 हजार युवाओं को रोजगार मिलेंगे। हर साल 45 लाख रुपए जीएसटी मिलेगा। कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र में पूरी क्षमता से उत्पादन और बिक्री पर फोकस करने का प्रावधान है। इससे जैविक खेती को बढ़ावा के साथ शहर स्वच्छ होगा।

### बंद लाइटें सुधारी जाएंगी, पाथवे की मरम्मत समेत अन्य कार्य शामिल

# कारी, नरैया, कंकाली समेत 40 तालाबों और 43 उद्यानों के मेंटेनेंस पर खर्च होंगे छह करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के आमापारा स्थित कारी तालाब, टिकरापारा सिद्धार्थ चौक स्थित नरैया तालाब, ब्राह्मणपारा वार्ड के कंकाली तालाब, पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के रोहिणीपुरम तालाब समेत 40 तालाबों और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के 43 उद्यानों के मेंटेनेंस के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी ने एजेंसी तय कर दी है। अनुबंधित एजेंसी इन तालाबों और बगीचों में सौंदर्यीकरण के दौरान बंद पड़ी लाइट सुधारने, पाथवे मरम्मत, पचरी की मरम्मत से लेकर स्थल की सुंदरता बरकरार रखने का कार्य करेगी। रायपुर की एजेंसी को इस कार्य के लिए ठेका दिया गया है। इस पर करीब 6 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

दरअसल रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के 40 तालाबों और 43 गार्डन के संरक्षण-संवर्धन के लिए सफाई, सौंदर्यीकरण संबंधी प्रोजेक्ट शुरू किया गया। संबंधित अनुबंधित एजेंसी को प्रोजेक्ट पूरा करने के साथ ही एक साल के मेंटनेंस की शर्त शामिल रही। इनमें से कई तालाब ऐसे रहे, जिसमें मेंटेनेंस अवधि पूरी होने के बाद भी संचालन व संधारण के लिए एजेंसी तय नहीं हुई। इसके चलते इन तालाबों पर करोड़ों खर्च कर लगाई गईं आकर्षक लाइटें बंद पड़ी हैं। पाथवे देखरेख के अभाव में धंस गए हैं, तालाब की सुंदरता बढ़ाने लगाए गए उपकरणों में टूट-फूट के बाद दोबारा उन्हें सुधारा नहीं गया। जनशिकायतों के बाद रायपुर स्मार्ट सिटी ने अपने पुराने प्रोजेक्ट के 40 तालाबों और 43 गार्डन के मेंटेनेंस के लिए टेंडर कर एजेंसी तय की है। अनुबंधित एजेंसी 5 साल तक चयनित तालाबों के सौंदर्यीकरण के मेंटेनेंस का काम करेगी।



### वर्कआर्डर जारी

रायपुर स्मार्ट सिटी ने अपने पुराने प्रोजेक्ट में शामिल 40 तालाबों और 43 गार्डन में कराए गए कार्य के 5 साल तक मेंटेनेंस के लिए एजेंसी तय कर वर्क आर्डर दे दिया है। इस कार्य पर करीब 6 करोड़ रुपए खर्च होंगे। साथ ही राजधानी के 4 चौक के मेंटेनेंस का काम इसमें शामिल है।

**- पीके पंचायती,** *अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

### इन तालाबों की देखरेख के लिए एजेंसी तय

- आमापारा कारी तालाब री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट
- टिकरापारा का नरैया तालाब प्रोजेक्ट
- डबरी तालाब शताब्दी नगर
- भाठागांव का आछी तालाब सौंदर्यीकरण लैंडस्केपिंग प्रोजेक्ट
- रोहिणीपुरम तालाब री-डेवलपमेंट, ब्यूटीफिकेशन प्रोजेक्ट
- शीतला तालाब
- जरवाय तालाब, अमलीडीह तालाब, शिवनगर पैठू तालाब
- चिंरौजी तालाब, पुरैना तालाब
- पंडरी तालाब ब्यूटीफिकेशन री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट
- बंधवा तालाब कचना, गोंदवारा तालाब
- मोतीबंद तालाब जोरा, सोनडोंगरी तालाब
- शीतला तालाब पुरानी बस्ती मोवा
- कंकाली तालाब री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, डगनिया तालाब

# सामूहिक तुलसी विवाह कार्यक्रम आज से




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड स्थित स्वर्णभूमि परिसर में तुलसी विवाह समिति द्वारा दो दिवसीय 12 से 13 नवंबर को सामूहिक तुलसी विवाह एवं एकादशी उद्यापन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि आचार्य राजेंद्र महाराज सहित भागवताचार्य देवकृष्ण महाराज के सानिध्य में संगीतमय संकीर्तन का विशाल आयोजन होने जा रहा है। श्रीमती राठी ने बताया कि सोमवार को आचार्यों के आगमन के साथ ही वेदी निर्माण एवं मंडप रचना की जाएगी, जिसके बाद मंगलवार को सुबह 9 बजे से 108 जोड़ियों द्वारा संकल्प व वेदियों की पूजा-प्रतिष्ठा का शुभारंभ होगा। दोपहर 3 बजे श्री ठाकुरजी की बारात निकाली जाएगी, जिसके बाद बुधवार को प्रातः हवन के बाद यजमान जोड़ियों एवं व्रतधारियों के लिए महाप्रसादी एवं महाभंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में हेमलता बंसल, अनिता खंडेलवाल, आरती अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल व कांता सिंघानिया आदि शामिल होंगे।



## खबर संक्षेप



### प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के निर्विरोध प्रांताध्यक्ष बने प्रफुल्ल

**रायपुर।** गुरु घासी दास सांस्कृतिक भवन में रविवार को प्रांताध्यक्ष के चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की महासमिति की बैठक हुई। जिसमें संघ संविधान के नियमानुसार प्रांताध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष पूर्ण होने पर प्रांताध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया में मुकेश टंडन द्वारा प्रांताध्यक्ष पद के लिए प्रफुल्ल कुमार का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसमें और कोई अन्य नाम प्रस्तावित नहीं होने के कारण सर्व सहमति से प्रदेश के समस्त 33 जिलाध्यक्षों के सहमति से प्रफुल्ल कुमार को पुनः आगामी तीन वर्ष के लिए निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के संरक्षक रविंद्र तिवारी और सह निर्वाचन अधिकारी प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एसपी देवांगन उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग माता-पिता की ख्वाहिश ध्यान में रखें, संवेदना में डूबें



**रायपुर।** संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 में जारी पंचाह्निका महोत्सव के तीसरे दिन भूतल के 'भगवानः मातृ पितृ वंदना' का कार्यक्रम भक्तिभाव पूर्वक हुआ। इस पावन मौके पर मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी ने कहा कि माता और पिता जो इस भूतल के भगवान है, इस धरती पर भगवान हैं। ऐसे माता-पिता की संवेदना में आज हमें डूबना है। माता-पिता ने जो हमारे लिए बलिदान दिया है, हमें जिस लायक बनाया है,ऐसे माता-पिता को हमें वंदन बारंबार करना चाहिए। रविवार सुबह चतुर्विद संघ के परम निश्रा में माता-पिता की महिमा का गुणगान किया गया। मुनियों ने कहा, हम परमेश्वर को देख नहीं सकते किंतु इस धरती पर भगवान तुल्य माता-पिता जो हमारे समक्ष हैं उन्हें हम नमन व वंदन करें। ऐसा व्यवहार रखें कभी भी उनके मन को ठेस नहीं पहुंचे।

### देवउठनी एकादशी पर बनाई गई रंगोली



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में देवउठनी एकादशी पर्व पर रंगोली बनाई गई। जिसमें ज्ञान गंगा विद्यालय के शिक्षक लता चंद्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, रुक्मणी सारथी, दीपा कुर्रे, वर्षा सारथी ने कहा कि देवउठनी एकादशी पर्व पर माता तुलसी की खूबसूरत रंगोली बनाई गई। हिंदू पंचांग के अनुसार पर कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि यानी देवउठनी एकादशी के दिन तुलसी विवाह करने का विधान है। इस दिन भगवान विष्णु के स्वरूप शालिग्राम के साथ माता तुलसी का विवाह करते हैं। इस साल तुलसी विवाह का पर्व 12 नवंबर को मनाया जाएगा।

### खरोरा में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा में जिला पंचायत 15वें वित्त आयोग एवं जिला विकास निधि मद से सीसी रोड नाली निर्माण एवं रनिंग वाटर शेड कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, अध्यक्षता सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर, उपसरपंच हेमलता कौशल चंद्राकर, पंच मनोज चंद्राकर, तेज चंद्राकर, गोपाल साहू, पंकज चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, याद राम निषाद, राजकुमार केंवट एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सभ्यता और संस्कृति देने वाला समाज है जनजाति समाज : गणेश

## पॉलीटेक्निक कालेज में एक दिवसीय जनजातीय गौरव स्मृति महोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज में एक दिवसीय जनजातीय गौरव स्मृति महोत्सव मनाया गया। इसके अंतर्गत जनजाति समाज का गौरव शाली अतीत-एतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि गणेश सिंह ध्रुव सदस्य, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग, विशिष्ट अतिथि आरके कुंजाम प्रांतीय महासचिव गोंड़ धर्म संस्कृति संरक्षण समिति छत्तीसगढ़, दौलत कुंजाम प्रांतीय संयुक्त सचिव, सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ एवं मुख्य वक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आईसी भारती ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का प्राचार्य, व्याख्याताओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना व्याख्याता मनीष कुमार राज द्वारा पढ़ी गई तथा उद्बोधन संस्था प्रमुख ने दिया। मुख्य अतिथि गणेश सिंह ध्रुव ने जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत को याद किया। मुख्य वक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने कहा सभ्यता और संस्कृति देने वाला समाज जनजाति समाज है। इनके गौरवशाली इतिहास है। इनकी अपनी एक आध्यत्मिक ऊंचाई है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आरके कुंजाम, दौलत कुंजाम ने भी जनजाति समाज पर अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम के दौरान जनजाति नायकों की फ़ोटो, रंगोली, चित्रकला की प्रदर्शनी रखी गई।




### निबंध, चित्रकला, गायन और रंगोली स्पर्धा : विजेता पुरस्कृत

5 अक्टूबर को संस्था में आयोजित निबंध, चित्रकला, रंगोली एवं गायन में प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जनजाति लोक नृत्य के आयोजन में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के सचिव सुनिता तिवारी, संयोजक रोशन लाल कैवर्त एवं सहसंयोजक मनीष राज रहे। मंच संचालन सुश्री आकांक्षा देशमुख एवं आम्रपाली ने किया।

## इंस्टीट्यूशन ऑफ सेफ्टी इंजीनियर्स ने दिया आईएसईआई एक्सीलेंस पुरस्कार

# पर्यावरण, सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान करने वाले हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल





इंस्टीटूशन ऑफ़ सेफ्टी इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा बीते दिवस आईएसईआई एक्सीलेंस पुरस्कार 2024 का आयोजन रायपुर स्थित एक निजी होटल में किया गया। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों, संगठनों और संस्थानों को दिया गया जिन्होंने पर्यावरण, सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान तथा उत्कृष्टता का प्रदर्शन की है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केके द्विवेदी, डायरेक्टर एवं इंचार्ज इंडसट्रियल हेल्थ व सेफ्टी छत्तीसगढ़ सरकार, अतिथि संतराम नेताम, छत्तीसगढ पीएससी सदस्य, रज्जू कुमार, डिप्टी चीफ इंस्पेक्टर ऑफ़ फैक्ट्री छत्तीसगढ़ सरकार, अश्वनी कुमार पटेल, सहायक निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा छत्तीसगढ़ सरकार, सुश्री अनिमा एस कुजुर, डिविजनल कमांडेंट अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, एसडीआरएफ रायपुर, संस्था के चेयरमैन डॉ. एस. रामपुरी, निदेशक तमन्ना अफ़रोज़, डॉ एम एस नवाज, माधुरी चतुर्वेदी, मो. तौसीफ तथा अन्य कई अतिथिगढ़ मौजुद थे ।

# भाटापारा से अमृतसर यात्रा पर श्रद्धालु रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

राजवंत सिंह बग्गा लखनऊ वाले के नेतृत्व में लगभग 50 लोगों का एक जत्था संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से अमृतसर के लिए रवाना हुआ। यह जत्था राजनंदगांव, दुर्ग, भिलाई और भाटापारा होते हुए अमृतसर जा रहा है।

यह जत्था अमृतसर साहिब, ननकाना साहिब, पाकिस्तान और लाहौर के प्रमुख गुरुद्वारों के दर्शन कर अमृतसर साहिब वापस आएगा। भाटापारा से हरजीत कौर गुम्बर भी इस यात्रा पर जा रही हैं। उन्हें बधाई देने के लिए भाटापारा सिख समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे। इनमें प्रमुख रूप से बलवंत सिंह सलूजा, हरभगवान गुम्बर, कुलवंत गुम्बर, गुरमित गुम्बर, बबलू चावला, राजा गुम्बर, अमरजीत सलूजा, जोंटी गुम्बर आदि शामिल थे।

समाज के सभी प्रमुख लोगों ने हरजीत कौर गुम्बर को पुष्पगुच्छ और शुभकामनाएं देकर उनकी यात्रा का शुभारंभ किया।

## संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम बीईओ व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

अपनी मांगों को ध्यानाकर्षण करते हुए संघर्ष मोर्चा तिल्दा ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी और एसडीएम तिल्दा को सोमवार मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के तहत वेतन विसंगति, सही वेतन निर्धारण कर पुरानी सेवा अवधि की गणना के साथ वेतन, क्रमोन्नति, पुरानी पेंशन की गणना पूर्व सेवा अवधि को जोड़कर और देय तिथि से महंगाई भत्ता दिए जाने व एरियर्स राशि को जीपीएफ खाते में समायोजन किए जाने को लेकर संघर्ष मोर्चा के संचालक गोपाल वर्मा,ओमप्रकाश वर्मा ने अपने साथियों के साथ ज्ञापन सौंपा।'

## श्रीराम रजक धोबी समाज के दूसरी बार बने निर्विरोध जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

धोबी समाज बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष का चुनाव रविवार को सुबह 11 जिला मुख्यालय स्थित सिटी कोतवाली के सामने सामाजिक भवन में निर्वाचन अधिकारी अशोक निर्मलकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिलाध्यक्ष चुनाव में बलौदाबाजार जिला में शामिल 9 राज के पदाधिकारी शामिल हुए। निर्वाचन अधिकारी अशोक निर्मलकर द्वारा चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष के लिए श्रीराम रजक का ही नाम सामने आया। इस तरह एक मात्र नाम आने पर श्रीराम रजक लगातार दूसरी बार निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुने गए। इसी तरह मनोज निर्मलकर जिला सचिव एवं नीलमणि चौधरी भी निर्विरोध जिला कोषाध्यक्ष चुने गए। जिला पदाधिकारियों के निर्वाचन के दौरान रजककार कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक, केंद्रीय अध्यक्ष पन्ना रजक, कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बालकुमार रजक, महिला प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष शीलादेवी रजक, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष उमाशंकर कर्ष, प्रकाश निर्मलकर, ईश्वर रजक, राजेंद्र निर्मलकर, संजय रजक, लाला रजक, कुलदीप कनौजे, हंसराम रजक, मानसिंह रजक सहित बड़ी संख्या में समाज लोग उपस्थित थे।

# व्यक्ति को शांति एवं समाज में क्रांति देने वाला शास्त्र है भागवत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

- पलारी में राहुल महाराज की भागवत कथा जारी

व्यक्ति को शांति एवं समाज में क्रांति देने वाला शास्त्र भागवत है। कलयुग में यदि किसी चीज की महिमा है तो वह नाम रूपी कीर्तन की महिमा है। सबसे बड़ा धन रुपया पैसा नहीं बल्कि राम नाम रूपी कृष्ण नाम रूपी धन है। उक्त बाते पलारी में चल रहे भागवत कथा के प्रथम दिवस व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य राहुल महाराज ने कही। स्व. रामसंजीवन वर्मा, योगेंद्र गांधी वर्मा की स्मृति व स्व. रामप्यारी वर्मा के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर आयोजित भागवत कथा में उन्होंने कोई बल में बड़ा होता है, धन में बड़ा होता है, कोई आयु में बड़ा होता है, मगर बड़ा तो वही होता है जो ज्ञान में बड़ा हो।

इंसान को संत का क्षण और अन्न का कण कभी व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए, क्योंकि ये बहुत मूल्यवान होते हैं। जीवन में चिंता चिता तक ले जाती है और चिंतन गोविंद तक ले जाती है, इसलिए चिंता को घटाओं और चिंतन को बढ़ाओं यही मुक्ति का साधन है। उन्होंने कहा कि नर से नारायण पद प्राप्त कराने का उत्तम साधन है।



भागवत जो भागवतं कथा के सुनने से जब धुंधकारी जैसा प्रेत मुक्ति पा सकता है तो जीवित अवस्था में कथा सुनने वाला निःसंदेह विष्णुपुर को प्राप्त होगा।

भगवान को निर्मल मन, निष्कपट, निश्छल भक्त ही प्रिय है। भागवत कथा का वाचन 10 से 18 नवम्बर तक दोपहर 1 से 5 बजे तक किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में भागवत स्थल पर पधारकर कथा श्रवण करने की अपील की गई है।

## जीवन में जगत जननी की कृपा बिना ज्ञान संभव नहीं



**भवानीपुर।** ग्राम गिधपुरी में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महोत्सव में कथा व्यास आचार्य झम्मन शास्त्री ने सोमवार को देवी महिमा के साथ शक्ति उपासना का महत्व बताते हुए कहा कि जीवन में जगत जननी की कृपा के बिना जगत पिता का ज्ञान संभव नहीं होता। सांसारिक वासनाओं की निवृत्ति के लिए मां भगवती की उपासना आवश्यक है। आदि शक्ति महामाया की उपासना से ही लौकिक माया के बंधन से मुक्त हो सकते हैं। इसलिए जीव मात्र के कल्याण की भावना से जगत माता कई रूपों में अवतार लेकर भारत की पवित्र भूमि में लीला करती है। आचार्य शास्त्री ने कहा कि भारत सती, साध्वी, पतिव्रताओं का देश है। मां दुर्गा, महाकाली, महालक्ष्मी, मां सरस्वती, मां सीता, मां राधा, मां पार्वती, मां सावित्री, मां गंगा, मां गायत्री 16 मातृका का 64 योगिनी 10 महाविद्या के रूप में प्रकट होकर जीव मात्र को अभय प्रदान करती है। उन्होंने शिव पार्वती विवाह, शक्तिपीठ वर्णन, सृष्टि वर्णन, वराह अवतार, तुलसी विवाह और देवी उपासना का वृतांत कही। यह आयोजन संदीप पांडे एवं उनके परिवार द्वारा रखा गया है, जिसे सुनने आसपास के लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## नवपदस्थ सहायक आयुक्त से मुलाकात...



**पलारी।** सर्व आदिवासी समाज के जिला प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को नवपदस्थ सहायक आयुक्त संजय कुर्रे से जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के शासकीय प्री मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में सौजन्य मुलाकात कर चर्चा की। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, जिला कोषाध्यक्ष अभय लाल ध्रुव, जिला सांस्कृतिक सचिव केशव कुंजाम, युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष कामेश मंडावी, समाजसेवी दया राम धुरव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### देवउठनी पर आज स्थानीय अवकाश घोषित



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं के लिए देवउठनी एकादशी (तुलसी पूजा) के अवसर पर मंगलवार 12 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय और उपकोषालय पर लागू नहीं होंगे।

# सोमी का सब इंस्पेक्टर के लिए चयन, समाज ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



विगत दिनों में पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ सुबेदार, उपनिरीक्षक सवंर्ग, प्लाटून कमांडर 2021 चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की गईं, जिसमें पलारी के ग्राम पठारीडीह निवासी सोमी वर्मा का सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पलारी राज के राज प्रधान रामखिलावन वर्मा, जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा ने हर्ष प्रकट किया है। इस मौके पर राजप्रधान वर्मा ने कहा कि समाज की प्रतिभा सोमी वर्मा पर गर्व इससे अन्य बेटीयों को प्रेरणा मिलेगी। जनपद अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि छोटे से गांव की बेटी ने सिमित संसाधनों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है जिस पर हमे गर्व है।इस दौरान सोमी को बुधराम वर्मा, रामजी वर्मा, कार्तिक वर्मा, पर्वत वर्मा ने शाल श्रीफल से सम्मानित किया।

